# सम्बल कॉलेज ऑफ एज्युकेशन, शिवसिंहपुरा, सीकर

# प्रतिवेदन

## प्रतिवेदन सत्र 2022–2023

- **<u>प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का विवरण :–</u>** बी.एड. पाठ्यक्रम के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अनुपालना करते हुए पंडित दीनदयाल उप्याध्याय शैखावाटी विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालयों में बी.एड. व बीए/बी.एससी. बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा आयोजित PTET (प्रवेश परीक्षा) उतीर्ण करने वाले छात्र ही प्रवेश की पात्रता रखेंगे।

  इस प्रकार उपरोक्त प्रवेश परीक्षा (PTET) को उर्तीण कर काउसलिंग प्रक्रिया द्वारा हमारे महाविद्यालय में बी.एड. में 200 व बी.ए./बी. एससी. बी.एड परीक्षा में कुल 54 छात्रों ने प्रवेश लिया। प्रवेश लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों का विवरण निम्न प्रकार है :–

**<u>बी.एड.</u>**

| इ.डब्ल्यू. एस. | | सामान्य | | एससी | | एसटी | | ओबीसी | | एसबीसी | | विकलांग | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | योग |
| 5 | 4 | 5 | 9 | 21 | 11 | 19 | 9 | 63 | 53 | 0 | 0 | 1 | 0 | 114 | 86 | 200 |

**<u>बी.ए. बी.एड</u>**

| इ.डब्ल्यू. एस. | | सामान्य | | एससी | | एसटी | | ओबीसी | | एसबीसी | | विकलांग | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | योग |
| 0 | 0 | 2 | 1 | 5 | 3 | 5 | 2 | 6 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 18 | 17 | 35 |

**<u>बी.एससी. बी.एड</u>**

| इ.डब्ल्यू. एस. | | सामान्य | | एससी | | एसटी | | ओबीसी | | एसबीसी | | विकलांग | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | योग |
| 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 7 | 3 | 7 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 14 | 05 | 19 |

महाविद्यालय प्रांगण में प्रतिदिन प्रार्थना स्थलीय कार्यक्रम से दिन का शुभारम्भ किया जाता है। प्रार्थना का प्रारम्भ सरस्वती मॉ की स्तुति से होता है। तत्पश्चात विभिन्न प्रार्थनाएँ देशभक्ति

गीत व राष्ट्रीय गान भी अनिवार्य रूप से करवाया जाता है। इसके अतिरिक्त समाचार वाचन, श्लोक, प्रेरणादायक प्रसंग आदि गतिविधियाँ भी करवायी जाती है ताकि प्रशिक्षणार्थियों में बोलने की रूचि बढे, अभ्यास हो और सुन्दर व विवेकशील वातावरण की सृष्टि की जा सके।

***सत्र शुभारंभ :–*** महाविद्यालय में सत्र 2022–23 का शुभारंभ दिनांक 17.09.2022 को किया गया । कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री अमरचन्द जी गढ़वाल ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने नवागन्तुक प्रशिक्षणार्थियों के तिलकार्जन कर स्वागतगान प्रस्तुत किया। तथा प्राचार्य महोदया ने विभिन्न गतिविधियों से प्रशिक्षणार्थियों अवगत कराया । अन्त में सहा. आचार्य डॉ. सत्यवीर झाझड़िया द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

***अभिनव कार्यक्रम :–*** महाविद्यालय में दिनांक 19.09.2022 से 24.09.2022 तक अभिनव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रवक्ताओं ने अपने शैक्षणिक विषयों व पाठ्यचर्या से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत करवाया । इनमें मुख्यतः प्रार्थना सभा का महत्व, सूक्ष्म–शिक्षण पाठ योजना, इन्टर्नशिप, वन शाला शिविर, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शिक्षक शिक्षा का बदलता स्वरूप NEP- 2020 , शिक्षा का अधिकार, व्यवसायिक शिक्षा तथा शनिवारीय सभा आदि पर विस्तृत चर्चा कि गई।

***प्रसार व्याख्यान :–*** महाविद्यालय की विस्तार कार्यक्रम समिति के सौजन्य से प्रसार व्याख्यान का समय समय पर महाविद्यालय परिसर में आयोजन करवाया गया है जो निम्नानुसार है। दिनांक 29.09.2022 को महाविद्यालय में तकनीकी शिक्षा की उपयोगिता" विषय पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि वक्ता डॉ अरविन्द महला, व्याख्याता श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय, सीकर थे।

इसके पश्चात महाविद्यालय में दिनांक 16.10.2023 को महाविद्यालय द्वारा Covid-19 विषय पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि डॉ. विकस अग्रवाल द्वारा Covid-19 के कारण व परिणामों के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या महोदया के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

महाविद्यालय के नियमानुसार अगला प्रसार व्याख्यान दिनांक 11.02.2023 को "शैक्षिक मनोविज्ञान का महत्व" पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 जगदीश प्रसाद कड़वासरा सहा. आचार्य जो ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान में सेवारत है,

इन्होने प्रशिक्षणार्थियों को शैक्षिक मनोविज्ञान के महत्व तथा शिक्षण में उसकी उपादेयता के बारे में से अवगत करवाया।

महाविद्यालय में अगला प्रसार व्याख्यान दिनांक 17.03.2023 को विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष में प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसका प्रमुख विषय "सामाजिक परिवर्तन शिक्षा के संदर्भ" में रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 अशोक महला जो राजकीय कल्याण महाविद्यालय में सेवारत है, इन्होने प्रशिक्षणार्थियों को सकारात्मक परिवर्तन को अपनाने व मूल्यों को संरक्षित करने की अपील की। अन्त में प्राचार्या महोदया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

महाविद्यालय के शैक्षिक पंचाग के अनुसार अगला प्रसार व्याख्यान 10.04.2023 को आयोजन किया गया । जिसका प्रमुख विषय "लैंगिक असमानता के मुद्दे" रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. टी. सी. यादव प्राचार्य रामकुमारी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, मुकुन्दगढ़ में सेवारत है। इन्होने बताया कि वर्तमान समय में महिलाओं को पुरूषों के समान माना जाये तभी राष्ट्र की उन्नति हो सकती है, हमें अपनी संकीर्ण सोच से निकल कर महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या महोदया के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

***शनिवारीय सभा :–*** महाविद्यालय की विस्तार कार्यक्रम समिति के सौजन्य से महाविद्यालय पचांग के अनुसार शनिवारीय सभा का महाविद्यालय परिसर में आयोजन करवाया जाता है जो निम्नानुसार है।–

महाविद्यालय में दिनांक 08.10.2022 को शनिवारीय सभा का आयोजन किया गया। जिसका विषय NEP- 2020 (नई राष्ट्रीय शिक्षा निती) रखा गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

महाविद्यालय पचांग के अनुसार दिनांक 10.12.2022 को शनिवारीय सभा का आयोजन किया गया जिसका विषय "शरणार्थी संकट" रखा गया जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

महाविद्यालय पचांग के अनुसार दिनांक 28.01.2023 को शनिवारीय सभा का आयोजन किया गया जिसका विषय "ग्लोबल वार्मिग" रखा गया जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

दिनांक 18.03.2023 को शनिवारीय सभा का आयोजन किया गया जिसका विषय वैश्विक परिदृश्य पर रूस–युक्रेन युद्ध का प्रभाव रखा गया जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

**खेल कूद दिवस गतिविधि :–** महाविद्यालय में खेल कूद समिति के सौजन्य से महाविद्यालय परिसर में खेल–कूद गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रो में शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहती है और प्रशिक्षणार्थियों में खेल–कूद कुशलता, रूचि तथा प्रेरणा का विकास करती है। छात्रो को खेल–कूद में भाग लेने का मौका प्रदान किया जाता है।

महाविद्यालय के पंचांग के अनुसार दिनांक 21.12.2023 से 23.12.2023 तक खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया जेसे कबड्डी, खो–खो, रस्सा–कस्सी, म्यूजिकल चेयर आदि। इसमें बी.एड. प्रथम वर्ष प्रशिक्षणार्थियों एवं बी. एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों के बीच रस्सा–कस्सी का आयोजन हुआ जिसमें बी.एड. प्रथम वर्ष प्रशिक्षणार्थी विजेता रहे।

बी.एसी. बी.एड. प्रथम वर्ष एवं बी.एसी. बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों के बीच खो–खो का आयोजन हुआ, जिसमें बी.एसी. बी.एड. द्वितीय वर्ष प्रशिक्षणार्थी विजेता रहे।

अन्त में महाविद्यालय में विजेता टीम को महाविद्यालय के प्राचार्या द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण किया गया।

**जयंती :–**

हमारे महाविद्यालय मे महान पुरूषों के जन्म दिवस को जयंती के रूप में मनाया जाता है। महान व्यक्तित्व होने के कारण उनके द्वारा बहुत से महान कृत्य सम्पन्न हुए है। वर्तमान पीढी उनके कार्यो से प्रेरित होकर अपने भविष्य को मार्गदर्शित कर सके। उन कृत्यों से नवीन विचारधारा व व्यवस्था का सृजन हो सके। समय–समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है।

***गांधी जयंती:–*** दिनांक 01.10.2022 को महाविद्यालय में गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री का आयोजन व्याख्याता विनोद महला के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने महात्मा गांधी व शास्त्री जी के प्रेरणास्पद जीवन पर अपने विचार व्यक्त किये।

अन्त में प्राचार्या महोदया ने राष्ट्रीय आन्दोलन में महात्मा गांधी की भूमिका से अवगत कराते हुए ध्न्यवाद ज्ञापित किया।

***स्वामी विवेकानन्द जयंती :–*** दिनांक 12.01.2023 को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जयंती का आयोजन व्याख्याता मन्जु चौधरी के नेतृत्व में हर्षोल्लास पूर्वक किया गया । जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों ने स्वामीजी के प्रेरणास्पद जीवन पर अपने विचार व्यक्त किये व अन्त में अध्यक्ष महोदय ने स्वामीजी के शिकागों धर्म सम्मेलन के प्रसंग को ओजस्वी वाणी में अभिव्यक्त कर विद्यार्थियों से कुशल नागरिक बनने का आहवान कर कार्यक्रम का समापन किया।

***अम्बेडकर जयंती:–*** महाविद्यालय में दिनांक 14.04.2023 को अम्बेडकर जयंती का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्या डॉ मधु गढ़वाल ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और भारतीय संविधान के निर्माण में अम्बेडकर का क्या योगदान रहा, के बारे में व्याख्याता श्री जितेन्द्र सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ मधु गढ़वाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**अन्य सहशैक्षणिक गतिविधियाँ:–**

***दीपोत्सव :–*** महाविद्यालय में दिनांक 20.10.2022 को प्राचार्या महोदया एवं सभी प्रवक्तागण की उपस्थिति में रंगोली तथा दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तथा प्रशिक्षणार्थियों द्वारा कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक कार्य किया गया।

***बसंत पंचमी :–*** महाविद्यालय में हिन्दुपंचाग के अनुसार माघ माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को दिनांक 04.02.2023 को बंसत पंचमी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीमती विनोद महला ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर वदंना की गई एवं प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ दी गई।

***फाल्गुन महोत्सव :–*** महाविद्यालय में दिनांक 04.03.2023 को फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने राजस्थानी गीतों व गींदड़ नृत्य कर उत्सव का लाभ उठाया।

***मुक्त वायु शिविर :–*** विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमानुसार महाविद्यालय में दिनांक 20.05.2023 से 24.05.2023 तक मुक्त वायु शिविर कार्यक्रम संचालित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुलोचना देवी व्याख्याता कल्याण महाविद्यालय सीकर के द्वारा की गई। इस समारोह में शिविरार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ दी गई । शिविर के दौरान श्रमदान कार्यक्रम, योगाभ्यास, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, शिक्षाविदों द्वारा प्रसार व्याख्यान, पर्यावरण जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अनिता आर्य ने अपने विचारों से प्रशिक्षणार्थियों को लाभान्वित किया। शिविर प्रभारी द्वारा शिविर के सफल आयोजन के लिये सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**प्रमुख दिवसः–**

***राष्ट्रीय शिक्षा दिवस :–*** महाविद्यालय में 11.11.2022 को प्राचार्या महोदया एवं सभी प्रवक्तागण की उपस्थिति में "राष्ट्रीय शिक्षा दिवस" के उपलक्ष में सभागार भवन में प्रश्नोतरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

***गणतंत्र दिवसः–*** दिनांक 26.01.2023 को 74 वे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि डॉ अनीष आर्य रहे। महाविद्यालय में प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया तथा अतिथियों ने भी अपने विचार प्रकट किये। व्याख्यान डॉ सत्यवीर जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया व प्रशिक्षणार्थियों को मिठाई बांटकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

**प्रायोगिक शैक्षणिक सम्बन्धी गतिविधियाँ :–**

***सूक्ष्म शिक्षण :–*** प0 दी0 उपा0 शेखावाटी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार दैनिक पाठ योजना से पूर्व शिक्षण कौशलो के विकास हेतु एवं शिक्षा की गुणवत्ता के लिए बी. एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों हेतु सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 01.09.2023 से 20.09.2023 तक कर आन्तरिक प्रायोगिक कार्य सम्पन्न करवाया गया। बी.ए. बी.एड. एवं बी.एसी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों हेतु सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास का आयोजन दिनांक 01.09.2023 से 20.09.2023 तक सम्पन्न करवाया गया।

बी. एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों हेतु सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12.12.2023 से 05.01.2024 तक आन्तरिक प्रायोगिक कार्य सम्पन्न करवाया गया एवं बी.ए. बी.एड. एवं बी.एसी. बी.एड. तृतीय वर्ष का सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम दिनांक 12.12.2023 से 05.01.2024 तक सम्पन्न करवाया गया।

***इन्टर्नशिप :–*** बी.ए. / बी.एसी. बी.एड चतुर्थ वर्ष एवं बी.एड. द्वितीय वर्ष के समस्त प्रशिक्षणार्थियों को दिनांक 23.11.2023 को 16 सप्ताह के लिए राजकीय विद्यालयों में इन्टर्नशिप के लिए कार्यमुक्त किया गया और बी.एड प्रथम वर्ष तथा बी.ए. / बी.एसी. बी.एड तृतीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को भी 21.03.2024 से राजकीय विद्यालयों में इन्टर्नशिप के लिए कार्यमुक्त किया गया।

***आन्तरिक मूल्याकंन परीक्षा :–*** महाविद्यालय के समस्त प्रशिक्षणार्थियों की आन्तरिक मूल्याकंन परीक्षा दिनांक 03.07.2024 से 12.07.2024 तक महाविद्यालय द्वारा आयोजित करवाई गई ।

***वार्षिक परीक्षा*** :–

1. बी.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष और बी.ए. / बी.एससी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की वार्षिक परीक्षा दिनांक 02.08.2024 से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवायी गई।

2. बी.ए. / बी.एससी. बी.एड. प्रथम,द्वितीय,तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा दिनांक 29.07.2024 से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवायी गई।